akrosh akrosh

आक्रोश

Mensuel

October - November 2021 - Volume 23 No 7 - Rs 10.00 - अक्टूबर -नवंबर २०२१ खंड २३ अंक ७

http://ghtu.mu

विकसित देशों को जलवायु संकट से निपटने के लिए और ज़िम्मेदार होना चाहिए।

ग्लासगो में हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन 'COP 26' में विकासशील देशों ने स्पष्ट शब्दों में विकसित देशों से कहा कि धरती को बचाने की अपनी ज़िम्मेदारी को और प्रतिबद्धता से निभाना चाहिए। याद रहे कि 2009 में एक समझौता हुआ था, जिसके तहत धनी देशों को प्रति वर्ष सौ अरब डॉलर विकासशील देशों को देना चाहिए था, लेकिन विकसित देश ने समझौते का सम्मान नहीं किया है। यही मुख्य कारण है कि कार्बन–उत्सर्जन विश्व में कम नहीं हुआ।

अब ग्लासगो में हुए सम्मेलन में विकसित देशों का लक्ष्य यह है कि 2050 तक शून्य कार्बन– उत्सर्जन हो। पर समस्या यह है कि इस लक्ष्य की प्राप्ति कैसे होगी ? यहाँ रेखांकित करना उपयुक्त है कि इस सम्मेलन से ठीक पहले इटली में G 20 के नेताओं की बैठक में सदस्य देशों के नेता इस बात पर सहमत हो गए थे, कि वैश्विक तापमान डेढ़ डिग्री से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना चाहिए; लेकिन 2050 तक कार्बन–उत्सर्जन शून्य करने के लिए कोई सहमति नहीं हुई थी।

शून्य कार्बन को लेकर विश्व–नेताओं के बीच बंटवारा स्पष्ट है। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनएल मैक्रों स्पष्ट शब्दों में विश्व को बता चुका है कि कार्बन–उत्सर्जन शून्य को लेकर जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। लगता है कि G 20 के लिए कार्बन–उत्सर्जन शून्य व्यावहारिक रूप से मुश्किलें पैदा करेगा। गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करना विकसित देशों के आर्थिक हित में नहीं है।

मॉरीशस के प्रधान मंत्री ने 'COP 26' सम्मेलन के दौरान मॉरीशस के गैस उत्सर्जन को 40% से कम करने का प्रण लिया है। अस्सी प्रतिशत कार्बन–उत्सर्जन G 20 के बीस देशों द्वारा हो रहे हैं। आज भी ब्रिटेन, चीन, भारत और रूस और कई देशों में बिजली–उत्पादन का बड़ा भाग कोयले पर ही निर्भर है।

कार्बन–उत्सर्जन कम करने के लिए हमें विश्व में बिजली का उत्पादन परमाणु शक्ति से करना चाहिए। इसके लिए विश्व को युरेनियम चाहिए और युरेनियम पाना बहुत कठिन है, क्योंकि सबसे पहले उक्त देश को न्यूक्लियर सप्लायर–समूह का सदस्य होना चाहिए। आज न्यूक्लियर सप्लायर–समूह एक क्लब बन गया है। आपसी मतभेदों के कारण कुछ देश अन्य देशों को क्लब का सदस्य बनने पर आपत्ति करते हैं।

भारत को न्यूक्लियर सप्लायर–समूह के सदस्य बनने के लिए चीन विरोध करता है और इस संकट के कारण भारत परमाणु ऊर्जा की दिशा में नहीं बढ़ सकता है। ऐसे में भारत शून्य कार्बन–उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में अग्रसर नहीं हो सकता है।

आज अपने वायु प्रदुषण को कम करने के लिए मॉरीशस सिविल सेवकों को इलेक्ट्रिक कार खरीदने के लिए कर छुट आर्थिक सुविधा दे रहा है।

विकसित देशों को विकासशील देशों के लिए बोझ नहीं बनना चाहिए। विकसित दशों को शून्य कार्बन–उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए समान रूप से योगदान देना चाहिए। दुनिया खतरे में है।

सत्यदेव टेंगर

शिव खेड़ा के अनमोल विचार

हमारी बिजनेस से सम्बंधित समस्याएं नहीं होतीं, हमारी लोगों से सम्बंधित समस्याएं होती हैं ।

अगर हम हल का हिस्सा नहीं हैं, तो हम समस्या हैं ।

Augmentation des prix (8-10%) des produits de consommation courante dans les jours à venir

Possibilité d'une pénurie de l'huile comestible dans les jours à venir

L'imminence d'une pénurie d'huile comestible sur le marché mauricien se précise de plus en plus. Durant le weekend dernier, les étagères de certains supermarchés 'dits gagnants' étaient quasiment vides. Ce qui a précipité les consommateurs de tomber sur les quelques bouteilles qui en restaient. Cette situation est provoqué selon certaines informations par les trois importateurs /producteurs de cette commodité essentielle dans la cuisine pour pousser le gouvernement ....*Suite à la page 12*

Economie : Faut-il être satisfait ?11

Editorial - 2

Opposition : difficile d'une réunification

साठोत्तरी हिन्दी कविता 6

Le MSM requinqué12

दिल की बात 2

Le tourisme reprend du poil de la bête, mais... 12

कार्य क्षेत्र में नारी स्थिति के संदर्भ में मन्नू भंडारी का दृष्टिकोण 3

सिंहावलोकन



मॉरीशस की प्रस्तुत पीढ़ी के लगभग समस्त हिन्दी के नामी साहित्यकार साठ–सत्तर पार कर चुके हैं। नयी पीढ़ी के मॉरीशसीय हिन्दी के साहित्यकार कम नज़र आ रहे हैं। कितना अच्छा होता यदि भारतीय उच्चायोग के सौजन्य से भारत के दो–तीन प्रसिद्ध हिन्दी के साहित्यकार – आलोचक विश्व हिन्दी सचिवालय पधारकर लेखन–कार्यशालाओं का सप्ताह भर आयोजन करते। जैसे पहले भी अज्ञेय, डॉ नामवरसिंह, डॉ क. क. गोयनका आदि पधार चुके हैं। यह संभव है !

EDITORIAL

Opposition : difficile d'une réunification

A qui profite la division au sein de l'opposition ? Sans doute le MSM se réjouit de cette situation, mais entre les trois partis qui constituent l'opposition parlementaire, soit le Ptr, le MMM et le PMSD, il semble que tant que la situation ne décante pas et le statu-quo se maintient , c'est toute l'opposition qui sera perdante.

Paul Bérenger a sans doute regretté sa démarche en février dernier. Certes, il n'est pas seul à pousser Navin Ramgoolam vers la sortie de la plateforme de l'opposition, mais déjà on sait que c'est lui le maestro dans cette décision. Paul Bérenger, lors de ses rencontres avec les membres de son bureau politique émet toujours des souhaits que le Ptr fasse partie d'une grande alliance de l'opposition. Car il sait que le MMM perd de plus en plus en popularité. Les récentes démissions en témoignent.

Au sein du Ptr, c'est Ramgoolam qui décide. Avec sa maladie , personne n'a osé le petit doigt pour parler d'une éventuelle alliance. Ils ont tous affirmé qu'il n'y aucun changement et en temps et lieu, la question d'alliance sera évoquée. Comprenez par- là que quand Ramgoolam sera totalement remis, c'est lui qui prendra la décision.

Toutefois, l'alter ego de Navin Ramgoolam, Patrick Assirvaden a lui lancé un pavé dans la mare. Avant de parler alliance, il faut que le poste de leader de l'opposition soit retourné à ArvinBoolell et celui de whip à Shakeel Mohamed, at-il dit. Une déclaration qu'il a faite lors d'une réunion politique et qui a été reprise par des titres de presse. Une déclaration pas appréciée par Xavier Duval qui estime qu'il ne veut pas discuter d'une telle demande dans les journaux. Et Paul Bérenger qui ajoute son grain de sel. « Oui je suis toujours en faveur d'une alliance de l'opposition, mais pas à n'importe quel prix ».

Au Parlement, comme on a remarqué le mardi 26 octobre dernier, les trois partis de l'opposition sont sur la même longueur d'onde. Comme cela a été le cas depuis novembre 2019. Mais en dehors il n'y pas cette vraie harmonie entre eux. ArvinBoolell est présent devant le Parlement pour protester contre sa suspension. Aucun membre du MMM ou du PMSD ne s'intéresse à sa démarche. Et pourtant rient ne les empêche de venir le saluer. ArvinBoolell qui était venu à la rescousse de Xavier Duval juste avant sa suspension se retrouve esseulé à part de ses amis du parti.

Et on se demande si une alliance de l'opposition est possible ? La maladie de Navin Ramgoolam et ses rencontres avec des dirigeants du parti au pouvoir en Inde pousse encore à dire qu'une alliance entre le Ptr, le MMM, le PMSD de RoshiBadhain et du RM de NandoBodha devient de plus en plus compliqué. En tout cas, c'est Navin Ramgoolam, celui qu'on a poussé vers la sortie qui a la carte du joker.

Suttyhudeo Tengur


डॉ॰ बीरसेन जागासिंह

दिल की बात

हिन्द महासागर में स्थित नन्हा द्वीप उपनिवेश मॉरीशस को स्वतन्त्र करने से पूर्व ब्रिटिश सरकार ने एक सर्वेक्षण के बाद अभिमत प्रकट किया था, कि स्वतन्त्रता प्रदान कर देने के बाद जब ब्रिटिश सरकार का वरद हस्त मॉरीशस के सिर से हट जाएगा, तब यहाँ भुखमरी फैल जाएगी। न यहाँ कोई उद्योग था, न खनिज पदार्थ, न अंतरराष्ट्रीय कोई व्यापार, शक्कर के कारखानों के अलावा न कोई अन्य कारखाना, न उत्पाद ! मात्र चाय, तम्बाकू और चीनी पैदा करके कैसे स्वतन्त्र मॉरीशस अपनी नौ–लाख की आबादी का पेट पालता। समस्त खाद्य पदार्थ तो आयात करना पड़ता है।

ब्रिटिश सरकार का कहना उस समय सोलह आने सत्य था। यही कारण था कि स्वतन्त्रता के विरोधी दल वालों ने उस समय ब्रिटिश साम्राज्य में सदस्यता की माँग की थी। माँग जिसे पूरा करना असम्भव था, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की ब्रिटेन की आर्थिक तबाही कभी सुधरी ही नहीं। जल्द–से–जल्द उपनिवेशों से ब्रिटेन हाथ धोना चाहता था। भारत की बारी पहले आयी। फिर एक–एक करके अफ़्रीकी और करेबयायी उपनिवेश स्वतन्त्र होते गए। अतः मॉरीशस चाहे राष्ट्र कुल के सदस्य स्वरूप ही क्यों न था परन्तु ब्रिटेन की छत्र–छाया पा जाने का प्रश्न ही नहीं उठता था। ब्रिटिश प्रधान–मंत्री सर हारोल्ड विल्सन के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया था कि स्वेज़ कानाल के पूरब के समस्त ब्रिटिश उपनिवेशों को स्वतंत्र किया जाए। मात्र युद्ध की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण – ज़िब्रालतार, मालवीन आदि समुद्र पार ब्रिटिश स्थलों पर अधिकार जमाए रखा जाना था। बाद में मॉरीशस को स्वतंत्र करने से पूर्व जिएगो गार्सिया को गैर कानूनी रूप से ब्रिटेन ने हथिया लिया था। मॉरीशस को डॉ. सर शिवसागर रामगुलाम जैसे बिहारी गिरमिटिये के पुत्र के हाथों स्वतंत्र होना था।

डॉ. रामगुलाम ने समय के साथ अनेक देशों से मित्रता बनाये रखकर मॉरीशस को आर्थिक रूप से समृद्ध किया। उन्होंने ऐलान किया कि मॉरीशस अफ़्रीका का हिस्सा है। वे युरोपीय साझा मंडी में पूर्व निश्चित मूल्य में शक्कर निर्यात करने लगे थे। विश्व मंडी में शक्कर का मूल्य घट जाने पर भी मॉरीशस को वर्षों तक पूर्व में निश्चित दुगुना दाम मिलता रहा। मॉरीशस की समृद्धि के पीछे यह एक प्रमुख कारण है। पर्यटन उद्योग बिन चिमनी–धुएँ के सोना उगलनेवाला उद्योग बन गया। फ़्री पोर्ट की स्थापना से आज भी पर्याप्त द्रव्य मिल रहा है।

ढेर सारे उद्योग– धंधे– कारखाने स्थापित हुए। निर्यात बढ़ा और श्रमिकों की कमी हो चली। भारत और बांग्ला देश से तीस–चालीस हज़ार श्रमिक आयात किए गए। और अंगूठी में मूल्यवान नगीने के समान पूर्वजों के पूज्य भारत देश का बिना शर्तों का मॉरीशस के सिर पर वरद हस्त है। भारत की सरकार और जनता मॉरीशस की सरकार और जनता पर सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, करोड़ों का अनुदान और बिन ब्याज का लॉन, छात्रवृत्तियों और सहायता की मुसलाधार वर्षा करती रहती है। हम मॉरीशस वासी निर्मोही संसार में अनाथ नहीं हैं।

(शेष भाग पृष्ठ ४ पर)

Administration
6, Edith Cavell St ,
Port-Louis, Mauritius
Tel :- 212-7544
Website: www.ghtu.mu
Director & Editor in chief:
Suttyhudeo Tengur
मुख्य संपादक
सत्यदेव टेंगर
Impression:
Vani Printing Ltd

डॉ. सचिन कुमार

कार्य क्षेत्र में नारी स्थिति के संदर्भ में मन्नू भंडारी का दृष्टिकोण

हमारी सामाजिक व्यवस्था में अर्थ, ज्ञान और शारीरिक बल, ये मुख्य तीन कारण हैं, जो पुरुष का वर्चस्व स्थापित करते हैं, जिनके परिणाम स्वरूप नारी धीरे–धीरे पराधीन होती गई; उसका कार्यक्षेत्र घर और परिवार तक सीमित माना गया। समाज की समस्त मर्यादा, आदर्श एवं नैतिकता उसी के लिए रह गयी। नारी के इतिहास पर नज़र डालते हैं, तो पाते हैं, कि प्राचीन काल से स्फुटनिक युग तक नारी, पुरुष के जीवन का पोषण एवं उन्नयन करती रही है। लेकिन पुरुष ने उसे देवी कहकर उसके अधिकारों से वंचित रखा। उसे पत्थर की मूर्ति बना दिया और उसके मानवी जीवन को नकार दिया। उसके हिस्से में रह गया केवल समर्पण। ''स्त्री की नियति थी, पुरुष की अधीनता प्रकृति की भाँति उसका भी शोषण पुरुष ने किया। जिस सम्मान को वह भोगती थी, वह पुरुष का दिया हुआ था। पुरुष के हाथ प्रार्थना में देवी के सामने झुके, लेकिन उस देवी का निर्माता वह स्वयं था। वह यदि स्त्री को देवी के पद पर आसीन कर उसकी स्तुति कर सकता था, तो देवी को छिन्न–छिन्न करने की ताकत भी उसके पास थी।''48 लेकिन स्वतंत्र भारत की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक थी, नारी की चारदीवारी से मुक्ति। स्वतंत्रता के बाद भारत की बदलती हुई स्थितियों में नारी केवल माँ, प्रेयसी, और पत्नी ही नहीं अपितु वह एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। वह अब केवल रमणी या पत्नी ही नहीं, बल्कि घर के बाहर समाज का एक विशेष अंग है। इस युग की नारी ने शिक्षा ग्रहण करके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में काफ़ी तरक्की कर ली है। कार्यक्षेत्र में उपस्थित होकर अपने व्यक्तित्व एवं अस्तित्व के प्रति जागरूक हुई है।

स्वावलंबिनी होने के कारण वह यह अनुभव करती है, कि उसे अधिकार चाहिए, निर्णय लेने का, राह चुनने का, सन्तान के भविष्य का। किन्तु पुरुष युगों से प्राप्त अपने अधिकारों को इतनी जल्दी नहीं छोड़ पाता है; अतः दोनों के अधिकारों में टकराव शुरू हो जाता है। स्वतंत्र व्यक्तित्व की खोज में नारी को सबसे पहले परंपरागत मूल्यों के साथ जूझना पड़ता है। पूर्ण मुक्ति के लिए नारी प्रयत्न अवश्य करती है, परन्तु पुराने संस्कारों के कारण उसे पूर्ण मुक्ति नहीं मिलती। इस परम्परावादी समाज से निर्मित शिक्षित नारी के सामने नई समस्याएँ उभरने लगी हैं, उसे दो तरह की भूमिकाओं का सामना करना पड़ता है, एक पत्नी के रूप में तो दूसरी उपार्जन करनेवाली नारी के रूप में। आर्थिक स्वतंत्रता ने नारी के सम्मुख नई समस्याएँ उत्पन्न कीं। जहाँ वह पहले अपने अहं की हत्या करके समझौता करने के लिए तैयार हो जाती थी, वहीं आज परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने के लिए वह संघर्ष करती है। वह पति की सिर्फ़ 'भोग्या' बनने को तैयार नहीं है, बल्कि वह उसकी मित्र उसकी सहचर बनना चाहती है। महिला कथाकार नारी–पुरुष की समानता में विश्वास रखती है और मन्नू भंडारी भी नारी–पुरुष की समानता की अपवाद नहीं है। वह व्यर्थ के भावोच्छवास में नारी के आँचल का दूध और आँखों का पानी दिखाकर पाठकों की दया नहीं वसूलती। वह यथार्थ के धरातल पर नारी का, नारी की दृष्टि से अंकन करती है। स्वयं लेखिका मन्नू भंडारी भी अध्यापिका तथा प्राध्यापिका रही हैं। इसीलिए उन्होंने घर–परिवार और नौकरी के बीच छटपटाती नारी की समस्याओं को अनुभव किया है। वह अपनी स्थिति के माध्यम से कामकाजी नारी की स्थिति के विषय में लिखती हैं–''बेटी और घर (जिसकी पूरी–पूरी ज़िम्मेदारी मेरे ऊपर थी) के साथ नौकरी जो अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए अनिवार्य थी। यही नौकरी पेशा नारी की स्थिति है।''

''आपका बंटी'' उपन्यास की ''शकुन'' एक मध्यवर्गीय समाज में पढ़ी–लिखी अपने पैरों पर खड़ी नारी है, जो त्याग करना नहीं चाहती। वह बदलते सामाजिक परिदृश्यों का डटकर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना चाहती है और पुरुष के समान समाज का उपयोगी अंग बनना चाहती है। भारतीय समाज में परिवार की एक परम्परा है, उस परम्परा को बनाये रखने की ज़िम्मेदारी नारी पर अधिक है। प्राध्यापिका शकुन इन्हीं सब परम्पराओं से जूझती, जुड़ती, जुड़कर टूटती, टूटकर जुड़ने का प्रत्यन करती रहती है। शकुन का पढ़ा–लिखा होना और कार्यक्षेत्र में उसकी स्थिति मज़बूत होना अजय के अहं को चोट पहुँचाता है। इसलिए अजय के साथ तनाव भरे माहौल में रोज़–रोज़ अपने व्यक्तित्व को दबाते हुए चलना उसे स्वीकार्य नहीं। अपने व्यक्तित्व को कायम रखने के लिए वह अजय से अलग हो जाती है। अगर शकुन की जगह पर कोई अशिक्षित रूढ़िवादी संस्कारों से परिपूर्ण नारी होती तो कई बार अपमानजनक समझौतों को सहन करते हुए भी दाम्पत्य की गाड़ी खींच ले जाती। लेकिन शकुन तो कालेज की प्रिन्सिपल है, उसकी कार्यक्षेत्र में स्थिति अच्छी है, सो समझौता करने का प्रश्न ही नहीं उठता? ''समझौते का प्रयत्न भी दोनों में एक अंडरस्टैडिंग पैदा करने की इच्छा से नहीं होता था, वरन् एक–दूसरे को पराजित करके अपने अनुकूल बना लेने की आकांक्षा से। तर्कों और बहसों में दिन बीतते थे और ठंडी लाशों की तरह लेटे–लेटे दूसरे को दुखी, बेचैन और छटपटाते हुए देखने की आकांक्षा में रातें।

(शेष भाग पृष्ठ ४ पर)

(पृष्ठ २ का शेष भाग)

जहाँ भी दृष्टि फैलती है, चहुँ ओर मॉरीशस भर में आज नवनिर्माण दृष्टिगोचर होते हैं। सुप्रीम कोर्ट भवन, ई.एन.टी. अस्पताल, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, मेट्रो, आम जनता के लिए घर, विश्व हिन्दी सचिवालय आदि सभी भारत सरकार द्वारा मुफ़्त में दान स्वरूप उपलब्ध हुए हैं। भारत माता हम मॉरीशन बच्चों को देते नहीं थकती है। मॉरीशस सदा कृतज्ञ रहेगा। संसार के समस्त अन्य देशों से अत्यधिक कृपा, सहयोग, सहायता, सुरक्षा एवं अपनापन मॉरीशस को भारत ही से मिलता रहा है। ब्रिटिश सरकार ने जो भविष्यवाणी की थी, कि स्वतंत्र मॉरीशस में भुखमरी छा जाएगी, भारत जैसे मित्र देश के कारण ही झूठ साबित हुई। जय मॉरीशस। जय भारत।

डॉ॰ बीरसेन जागासिंह
विश्व हिन्दी सम्मान
–न्यू यॉर्क २००७
beersen.jugasing@icloud.com

(पृष्ठ ३ का शेष भाग)

''50 अजय से शकुन का अलगाव उन सम्बन्धों की रिक्तता को स्पष्ट करता है, जो प्रेम पर नहीं अहं पर टिके होते हैं। शकुन ऐसे रिश्ते से मुक्त होती है तो मात्र व्यक्ति–स्वातन्त्र्य की चेतना के कारण ही। लेकिन अलग होने के बाद शकुन की संतान बंटी भी उसकी स्वतंत्रता में बाधा डालने लगती है।

इस परिस्थिति में शकुन डॉ0 जोशी से विवाह करने और संतान के प्रति ईमानदार रहने के सन्दर्भ में कहीं भी तालमेल नहीं बिठा पाती है। परिणामस्वरूप संतान बंटी के हालात त्रिशंकु जैसे हो जाते हैं। शिक्षित नारी–पुरुष के संबंधों की स्थिरता पर इस समय एक प्रश्न चिह्न लग गया है, जहाँ नारी की कार्यक्षेत्र में स्थिति पुरुष के समकक्ष या उससे उत्तम होती है, तो वहाँ पुरुष की अहं–वृत्ति उसे स्वीकार नहीं पाती। क्योंकि प्रा. चीन काल से ही पुरुष–सत्तात्मक समाज की मानसिकता नारी तेजस्विता को सहजता से स्वीकार नहीं कर पायी है, फलस्वरूप दाम्पत्य जीवन की दीवारें धीरे–धीरे ढहने लगती हैं। शकुन की कार्यक्षेत्र में स्थिति का मज़बूत होना ही पति–पत्नी के बीच होनेवाले अलगाव का प्रमुख कारण है। अगर शकुन आर्थिक रूप से मज़बूत न होकर अजय पर आश्रित होती, तो हो सकता था कि तलाक न होता और संतान बंटी को माता–पिता दोनों का प्यार मिलता। कार्यक्षेत्र में नारी की स्थिति ने विशेषकर मध्यवर्ग के मानसिक ढाँचे को हिला दिया है। यह वर्ग एक ओर तो चाहता है कि नारी नौकरी करे घर की देखभाल करे, किन्तु दूसरी ओर इससे अपना आत्मसम्मान आहत पाता है। इन्हीं समस्याओं से जूझती है ''एक इंच मुस्कान'' उपन्यास की ''रंजना''। रंजना और अमर के संबन्धों में तनाव का कारण है, रंजना की कार्यक्षेत्र में स्थिति और अमर का लेखकीय व्यक्तित्व। रंजना अध्यापिका है, वह अध्यापकीय जीवन पहले अपनी इच्छा से स्वीकार करती है, लेकिन विवाह के बाद परिवार की ज़िम्मेदारियों को निभाने के लिए अध्यापन कार्य करना उसकी मजबूरी बन जाता है। कार्यक्षेत्र में स्थिति के कारण उसका विवाहित जीवन सुखी नहीं रहता है। परिवार की सुख–शान्ति के लिए रंजना हर संभव कोशिश करती है। इस कोशिश में वह अपनी संतान को भी जन्म लेने से पहले ही त्याग देती है। उसके सारे प्रयास निष्फल ही रहते हैं। पुरुष प्रधान समाज नारी के इस सराहनीय रूप को शंका की दृष्टि से देखता है। अमर रंजना से कहता है–''तुम कमाओगी, काम करोगी और मैं बैठा–बैठा खाऊँगा। इसे मेरा अहं कैसे स्वीकार करेगा''51 वास्तव में ही अमर का अहं रंजना की कार्यक्षेत्र की स्थिति को स्वीकार नहीं कर पाता, बात–बात पर अर्थ–मूल्य की दृष्टि से स्वयं को अपदस्थ मानकर हीन भावना से ग्रस्त ही पाता है। एक दिन अमर कहानी के माध्यम से रंजना को भारतीय पत्नी की विशेषताओं को समझाता है, तो रंजना भी अमर की मनोदशा को समझते हुए उसे चड्ढा और उसकी कमानेवाली पत्नी रतन की कहानी सुनाकर एक–दूसरे के कार्य में सहयोग करनेवाले पति–पत्नी के गुणों का वर्णन करती है, साथ ही पति के सहयोग पर विशेष बल देती है। कहानी सुनकर अमर को विश्वास हो जाता है कि यह कहानी खास मुझे केन्द्र में रखकर बनायी गयी है। रंजना के कालेज चले जाने के बाद अमर सोचता है–''मेरा काम घर पर बैठकर करने का है और रंजना का स्कूल में जाकर पढ़ाने का–बात इतनी ही नहीं है। इसकी जड़ीं परिणतियाँ और भी गहराई में हैं–मेरी हैसियत पति की है और कार्य पत्नी का''52 इस उद्धरण से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अमर के अन्दर एक पुरानी रूढ़िवादी सोचवाला पति ज़िन्दा है, जो पत्नी रंजना की कार्यक्षेत्र में स्थिति को सहन नहीं कर पाता। बार–बार उसका अहं आहत होता है। अमर का यही अहं, उसकी यही सोच, उसके और रंजना के सम्बन्धों में कड़वाहट लाती है। रंजना आधुनिक नारी है, जो अपने व्यक्तित्व के प्रति सजग एवं संवेदनशील है। पारिवारिक जीवन की ज़िम्मेदारियों को वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहती है, पर इसके लिए पुरुष का साथ, उसका सहयोग भी ज़रूरी है, जो रंजना को नहीं मिलता; इसलिए रंजना और अमर के मध्य टकराव रहता है। परिणाम स्वरूप दोनों में अलगाव हो जाता है। पारिवा. रिक जीवन तथा संतान के प्रति आकर्षण, ये सब ऐसे रूप हैं, जिनका सम्बन्ध अध्यापिका रंजना और प्राध्यापिका शकुन दोनों से है। समस्याएँ समान प्रतीत होने पर भी उनका निदान दोनों स्थितियों में अलग–अलग है। जहाँ अध्यापिका रंजना अपने संबंध को निभाने के लिए अपनी इच्छाओं को दबा देती है, वहीं प्राध्यापिका शकुन अपने वैचारिक तर्क द्वारा अपने संबंध को तोड़कर अंतर्द्वंद्व में उलझती रहती है। आज नारी की स्थिति में बदलाव आया है, शिक्षा के परिणाम स्वरूप नारी की छुपी प्रतिभा उभरकर सामने आयी है। उसके कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ा है। अब नारी में केवल पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को वहन करने की ही क्षमता नहीं है, वरन् वह घर और बाहर की दोहरी ज़िम्मेदारियों को संभालने में सक्षम है। आवश्यकता है उसे अवसर प्रदान करने की।

डॉ. सचिन कुमार
डॉक्टरेट . हिन्दी विभाग,
अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय

सहनशीलता

सहनशीलता एक मानवी गुण है। इसके बिना मानव कुछ अंश में दानव की श्रेणी में उतर आता है। काम बड़ा कठिन है, मगर असंभव नहीं। अपने को संयम के रास्ते पर अग्रसर करने से सफलता मिलेगी। लेनेवाले की दृष्टि होनी चाहिए। धरती माँ क्या नहीं सहती? खोद–खाद, काट–पीट, भीड़–भार का बोझ! मनुष्य अपने जीवन की सभी अवश्यकताओं की पूर्ति इसी से करता है। कभी ना और न, ना की भावना माँ धरती के चेहरे पर नहीं झलकती है। हमेशा प्रसन्न ही मुखड़ा लिए अपनी संतानों पर अपना सब कुछ लुटाती रहती है, लुटाती रहेगी और लुटाती ही रहेगी। मगर आधुनिक मानव का ध्यान उधर जाता ही कहाँ है? अपनी सफलता पर भूला है। मगर माँ धरती नहीं भूलती अपनी संतानों को।

धरती माँ के आगे जन्मदात्ती माँ को कहाँ भूला पाना संभव होता है। अपना सुख, चैन, नींद, आराम सब हराम करके अपनी संतानों को आगे बढ़ाती है। ऊपर उठाती है। माँ घर–गृहस्ती में संतान के साथ पूरे घर के सदस्यों की देखभाल बराबर करती रहती है। कोई शिकायत का अवसर ही नहीं आता। उन्हीं के संस्कारों से संसार का मानव, मानव की श्रेणी में आता है। रामायण काल की घटनाएँ भी सराहनीय स्थान रखती हैं। सहनशीलता की जड़ तो हमारे आदर्श पुरुषों, विदुषियों के समय से चलती आ रही है। रावण ने सीता का हरण किया। श्रीराम–लक्ष्मण विचलित हो जाते हैं। उनके पास बल था, साधन थे। फिर भी अचानक कोई गलत कदम नहीं उठाते हैं। हनुमान द्वारा सीता का पता चल जाता है। आक्रमण करके सीता को ला सकते थे। मगर नहीं, अंगद को शांति दूत बनाकर भेजा। पहले मीठे व्यवहार से समझाना चाहते हैं। अनेक मौके देते हैं कि अब सीधे तौर से सीता को लौटा देगा। मगर काम नहीं बना। सहनशीलता सीमा बाँधना चाहती है। और अंगुली टेढ़ी करनी पड़ती है। उधर माता सीता भी धीरज और साहस से काम लेती हैं। बराबर अपना दैनिक संध्या, पूजा–पाठ यही सोचकर करती है कि एक दिन उसका फल मीठा होगा और हुआ भी, सर्वविदित बात है।

हमारे धार्मिक ग्रन्थ तो ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं। वैदिक काल से लेकर वर्तमान काल तक उसका पालन हो रहा है। अब महाभारत की बात को ही लें। शिशुपाल का वध अचानक नहीं हुआ। योगीराज श्री कृष्ण महाराज ने निन्यानबे गालियाँ सहीं। सौवीं गाली निकलते ही सुदर्शन चक्र में गति आ गई और शिशुपाल वध हो गया। साधारण मानव में ऐसी सहनशीलता नहीं होती। एक ज़बरदस्त उदाहरण है। साधारण मानव को ऐसे उदाहरणों को याद करना चाहिए। हमारे साधु–संन्यासी कितने सताये गये हैं। पत्थरों की वर्षा को फूलों की वर्षा कहा था, महर्षि दयानंद ने। किसी महात्मा पर कीचड़ उछाला गया। बार–बार उछाला गया मगर चेहरा मुस्कुराता ही रहा। भारतीय संस्कृति की यह देन संसार ग्रहण कर रहा है, क्योंकि यह विश्व गुरु आर्यावर्त्त की देन है। पृथ्वी का हर कोना आर्यावर्त्त के महर्षि–महर्षियों का रौंदा हुआ है। हम मॉरीशस राष्ट्र के वासी हैं। यहाँ आकर बस गए, या बसाये गए। यहाँ धर्म–संस्कृतियों की अनेक शाखाएँ हैं। सभी अपने–अपने राग अलापते हैं। जिस देश में एक भाषा, एक संस्कृति है, वहाँ भी लोग अपने को ही सहन नहीं कर पा रहे हैं। आपस में लड़ते–झगड़ते रहते हैं। शांति तो क्षितिज पार कर गई, पर मॉरीशस में इस छोटे से टापू में भाषाओं और संस्कृतियों का मेला है। फिर भी अपनी सहनशीलता बनाये हुए हैं। अन्य धर्मावलम्बी कभी फिसल जाते हैं, तो होता क्या है, सभी हमारी ओर ललचायी नज़रों से देखते हैं। हमारा धर्म, हमारी संस्कृति से प्रभावित होते हैं, और शांति के पथ पर अग्रसर हो जाते हैं।

कभी–कभी ऐसा भी होता है, एक दूसरे को सह नहीं पाते हैं। फिर भी गम खाकर स्वीकारना पड़ता है, क्योंकि जो हम चाहते हैं, पूरा नहीं होता। बाहर की दुनिया से सहनशीलता का ध्यान करके मानना पड़ता है, जिसका फल मिठास भरा ही होता है। यही कारण है कि हम पर किसी की बनी–बनायी योजना धराशयी हो जाती है, क्योंकि हम मन से इसमें लग जाते हैं। बनावटी प्रेम से हानि होती है। मन से निकली बात मन में समाती है। मन से किया व्यवहार मन में असर करता है।

सहनशीलता नम्रता के अधीन है। नम्रता के क्षेत्र में भी हमारे पूर्वजों की शिक्षा ही काम आती है। भारत से दूर इस टापू में भी कष्टों का सामना करके इसको बनाये रखा। जिसको काम में लाने से हम भी मज़े में हैं। गाँधी जी ने मॉरीशस–यात्रा पर कहा था कि सभी भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य है। उसका प्रयोग हुआ। सफलता मिली। इसीलिए सहनशीलता की शरण में शांति मिलती है। सभी का आशीर्वाद आप पर रहेगा। इस व्यवहार को सभी अपने जीवन में उतार कर, हमें मानवीय गुणों को बनाये रखना है और संसार को अपना प्रेम बाँटते रहना है।

सोनालाल नेमधारी
आर्य भूषण

हमारा स्वास्थ्य

पूरी, चावल–भात, समोसे और पराठे,
तला–भुना खा–खाकर लगाएँ ठहाके।
परिश्रम करने से, जो जन घबराते हैं,
अधिक देर तक सोते और खूब खाते हैं,
पाचन होता मंद, कोलेस्ट्रोल जम जाता है।
ऐसा सज्जन निश्चित, मोटा हो जाता है।
मोटापा नहीं, रोग है, है रोगों का घर !
गैस, कब्ज़ और मधुमेह या जोड़ों में दर्द !
इनके साथ–साथ, रक्तचाप बढ़ जाता है,
केंसर, हृदय–रोग या दमा पाया जाता है,
गुर्दे व रीढ़ का भी, कारण इसको जान,
इनसे बचने के लिए, करो मोटापे का
कल्याण !

डॉक्टर विनय सितिजोरी पी.एच.डी.

साठोत्तरी हिन्दी कविता : प्रमुख कवि संक्षिप्त परिचय (अंतिम भाग)

शलभ श्रीराम सिंह – न.फ़स–न.फ़स कदम–कदम .... बस एक फ़िक्र दम–ब–दम .... घिरे हैं हम सवाल से, हमें जबाव चाहिए.... जबाव दर सवाल है कि इन्कलाब चाहिए'' प्रधानमंत्री बनने से पूर्व चन्द्रशेखर द्वारा 1985–86 में निकाली गई पद–यात्रा के दौरान रची गई यह कविता लोगों के मन में क्रान्ति–ज्वाला भड़काने की क्षमता रखती थी। इसकी चर्चा होते ही शलभ श्रीराम सिंह का अक़्स ज़ेहन में बरबस उभर आता है। युयुत्सावादी जहाज़ के पहले और अन्तिम कप्तान शलभ श्रीराम सिंह का जन्म 5 अक्टूबर, 1938 को उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर, ज़िले जलालपुर तहसील के मसोढ़ा नामक गाँव में हुआ था। इनकी शिक्षा सिर्फ ग्यारहवीं तक ही हुई थी। रूपाभ, अनागता, युयुत्सा आदि पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। ये माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार से सम्मानित भी थे। इनकी बीड़ी कभी बूझती नहीं थी और मदिरा से गहरी मित्रता थी। इनकी मृत्यु 23 अप्रैल 2000 में हुई। काव्य संग्रह – कल सुबह होने से पहले (1966), अतिरिक्त पुरुष (1976), त्रयी 2 (1977), राहे–हयात् (1982), नागरिक नामा (1983), अपराधी स्वयं (1985), पृथ्वी का प्रेमगीत (1991), ध्वंस का स्वर्ग (1991), उन हाथों से परिचित हूँ मैं (1993), ऊँगली बंधी हुई नदियाँ (1995), जीवन बचा है अभी (1996) आदि।

•शैलेश ज़ैदी – 16 अगस्त 1943 को भीरजापुर उत्तर प्रदेश में जन्मे शैलेश ज़ैदी एम.ए.,पी.एच.डी. करने के उपरान्त अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में प्रोफ़ेसर हुए और यहीं से सेवानिवृत्त भी हुए। काव्य संग्रह – चाँद के पत्थर (1970), सूरज एक सलीब (1981), अब किसे वनवास दोगे ? (1984), हंसी फूटने के बाद (1988), कोयले दकहते हैं, आदि।

•शशिप्रभा – जीवन की कटु सच्चाइयों को अपने कविता में उभारनेवाली कवयित्री शशिप्रभा का जन्म 7 जुलाई 1949 को रो. हतक, हरियाणा हुआ है। एम.ए., पी.एच.डी. के उपरान्त इन्होंने लेखन और प्राध्यापन का व्यवसाय चुना। काव्य संग्रह– आइनों से झाँकते अक़्स (2003), घने अंधेरे में भी (2005), तेरा किस्सा– मेरा किस्सा (2007), बहुत कुछ अनुत्तरित (2011) आदि।

•श्यौराज सिंह बेचैन – 5 जनवरी 1960 को नदरौली (बदायूं) उत्तर प्रदेश में जन्मे बेचैन का जन्म दलित समाज में हुआ था, जो मुर्दा मवेशी को उठाकर चमड़ा उतारने का काम करते थे। इनकी शिक्षा एम.ए., बी. एड., पी.एच.डी. और डी.लिट है। शिक्षा पूर्ण होने के उपरान्त ये दिल्ली विश्वविद्यालय में प्राध्यापन का कार्य करने लगे। काव्य संग्रह– बारहमासी (1982), नई फ़सल (1988), क्रौंच हूँ मैं (1996) आदि।

•श्रीकांत वर्मा – गीतकार, कथाकार, समीक्षक श्रीकांत वर्मा का जन्म 18 सितम्बर 1931 को विलासपुर (छत्तीसगढ़) में हुआ। एम.ए. करने के उपरान्त दिल्ली चले आये और दिनमान में विशेष संवाददाता रहे। यह राज्यसभा सदस्य, तुलसी पुरस्कार, शिखर सम्मान, नन्ददुलारे बाजपेयी पुरस्कार, कुमारआशान पुरस्कार और मगध काव्य संग्रह के लिए 1987 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाज़े गए। 25 मई 1986 को इन्होंने इस दुनिया का छोड़ा। काव्य संग्रह – भटका मेघ (1957), दिनारम्भ (1967), माया दर्पण (1967), जलसाघर (1973), मगध (1980), गरूड़ किसने देखा (1987), संचयिता आदि।

•श्रीराम वर्मा – निराला पुरस्कार से सम्मानित और चौथे तार सप्तक के प्रमुख कवि श्रीराम वर्मा का जन्म 1 मार्च 1937 को पतनई, आजमगढ़ उत्तर प्रदेश में हुआ था। एम.ए. पी.एच.डी. के बाद इन्होंने अध्यापन और सम्पादन का कार्य किया। इनकी मृत्यु 10 फ़रवरी 2003 को हुई। काव्य संग्रह – ग्रीनविच (1972), शब्दों की शताब्दी (1978), काल पात्र (1980), आत्मकथा (1981), बूँद की यात्रा (1985), गली का परिवेश (2003) आदि।

•सुमित्रानन्दन पंत – हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तम्भों में से एक सुमित्रानन्दन पंत का जन्म 20 मई 1900 को कौसानी, बागेश्वर (अल्मोड़ा) उत्तराखण्ड में हुआ। इनके बचपन का नाम गुसाई दत्त था। माँ के निधन के बाद इनका पालन–पोषण इनकी दादी ने किया। ये सात भाई–बहनों में सबसे छोटे थे। म्योर कालेज से 12 वीं पास करने के लिए इलाहाबाद आये और यहाँ आकर अपना नाम गुसाई दत्त से सुमित्रानन्दन पंत कर लिया। ये अरविन्द दर्शन से प्रभावित कवि हैं। इनकी मृत्यु 28 दिसम्बर 1977 को हुई। हिन्दी सेवा के लिए इन्हें पद्मभूषण (1961), ज्ञानपीठ (1968), साहित्य अकादमी (कला और बूढ़ा चाँद, 1960), सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार जैसे उच्च श्रेणी के सम्मानों से अलंकृत किया गया। काव्य संग्रह– उच्छवास (1920), ग्रन्थि (1920), वीणा (1927), पल्लव (1926), गुंजन (1932), युगान्त (1936), ग्राम्या (1940), स्वर्ण किरण (1997), स्वर्ण धूल (1947), युगपथ (1948), उत्तरा (1949), रजत शिखर (1951), शिल्पी (1952), अंतिमा (1955), वाणी (1957), सौवर्ण (1957), कला और बूढ़ा चाँद (1959), लोकायतन (1964), शंख ध्वनि (1971), शशि की तरी (1971), आस्था (1973), समाधिता (1973), गंधवीथी (1975), सत्यकाम (1975), गीत–अगीत (1977), मुक्ताभ (1977), संक्रान्ति (1977), मुक्ति यज्ञ, तारापंथ, मानसी, शिल्पी, पतझड़, ज्योत्स्ना अवगुंठित, मेघनाद वध आदि।

•सोहन लाल द्विवेदी – सोहनलाल द्विवेदी का जन्म 22 फ़रवरी 1906 को बिन्दकी, फ़तेहपुर (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इनकी शिक्षा एम.ए., एल.एल.बी. तक हुई थी। इनका व्यवसाय वकालत और लेखन रहा है। इन्होंने बाल सखा, अधिकार आदि पत्रों के सम्पादन का भी कार्य किया। 1969 भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान से भी सम्मानित किया। यह कवि 1 मार्च 1988 को चिरनिद्रा में लीन हुआ। काव्य संग्रह – गान्ध्ययन (1970), भारत जय (1972), मुक्तिगंधार (1972), युगाधार (1975), संजी. वनी (1983), भैरवी, वासदत्ता, पूजागीत, विषपान, जयगांधी, सेवाग्राम आदि।

• सर्वेश्वर दयाल सक्सेना – 15 सितम्बर 1927 को बस्ती (उ0प्र0) में विश्वेश्वर दयाल के घर इनका जन्म हुआ। बी.ए., एम.ए. इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया। शिक्षा पूरी होने के बाद एजी ऑफिस में डिस्पैचर का काम किया। ऑल इण्डिया रेडियों के अलावा इन्होंने इलाहाबाद, दिल्ली, लखनऊ, भोपाल रेडियों में भी काम किया। 'दिनमान' और 'पराग' पत्रों का संपादन भी किया।

(शेष भाग पृष्ठ ७ पर)

(पृष्ठ ६ का शेष भाग)

23 सितम्बर 1983 को नई दिल्ली में इनका निधन हो गया। काव्य संग्रह – तीसरा सप्तक (1959), काठ की घंटिया (1959), बांस का पुल (1963), एक सूनी नाव (1966), गर्म हवाएँ (1966), कुआनो नदी (1973), जंगल का दर्द (1976), कविताएँ–एक (1978), कविताएँ–दो (1978), खूटियों पर टँगे लोग (1982), कोई मेरे साथ चले (1983), क्या कहकर पुकारूँ (1984) आदि।

•स्वर्ण किरण – 16 मई 1934 को आरा बिहार में स्वर्ण किरण का जन्म हुआ था। बी.ए., एम.ए. और पी.–एच.डी. के बाद इन्होंने अपने आप को प्राध्यापन और लेखन कार्य से जोड़ा। काव्य संग्रह – हिन्दी मिटा हुआ पत्रा (1961), कुएँ का उड़ाह (1961), कविताएँ स्वर्ण किरण की (1967), नचिकेता (1970), भीष्म (1970), सुलोचना (1970), मांडवी (1974), रत्नावली (1974), इन्दिरा गांधी (1995), नालंदा की वेदना (1976), निष्ण का सूर्य पुरुष मैं (1977), तुलसी (1997), बापू (1981), कवीन्द्र रवीन्द्र (1982), गौरव गिरि महान, यह कवि जी (1983), गंगा (1984), कौंध रहे वे क्षण (1990), ईश पुत्र ईशा (1990) आदि।

•स्नेहीमयी चौधरी – स्नेहमयी चौधरी का जन्म 9 मई 1934 को मौरावा उन्नाव उ0प्र0 में हुआ था। एम.ए., पी.एच.डी. करने के बाद जानकी देवी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य करने लगी। काव्य संग्रह – एकाकी दो (1966), पूरा गलत पाठ (1976), अपने खिलाफ़ (1982), चौतरफ़ा लड़ाई (1986) , हड़कम (2002) आदि।

•सौमित्र मोहन – अकविता आन्दोलन के प्रमुख कवियों में सौमित्र मोहन का विशेष स्थान है। इनका जन्म 2 जनवरी 1938 को लाहौर में हुआ था। एम.ए., पी.एच.डी. करने के उपरान्त ललित कला अकादमी के सहायक संपादक हुए। काव्य संग्रह – चाकू से खेलते हुए (1972), निषेध (1972), लुकमान अली तथा अन्य कविताएँ (1978)

•सुमन राजे – चौथे सप्तक की प्रमुख कवयित्री सुमन राजे का जन्म कानपुर में हुआ था। ये लखनऊ विश्वविद्यालय से एम. ए., और पी.–एच.डी. तथा कानपुर विश्वविद्यालय से डी.लिट थीं। इनका मुख्य व्यवसाय लेखन और प्राध्यापन था। इनका निधन 26 दिसम्बर 2008 को हुआ। काव्य संग्रह – सपना और लाशघर (1973), उगे हुए हाथों के जंगल (1987), यात्रा दंश (1988), एरका (1991), इक्कीसवीं सदी का गीत (1992) आदि।

•स्वदेश भारती – इनका जन्म 12 दिसम्बर 1939 को प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश में हुआ था। इनकी शिक्षा इलाहाबाद, कोलक. ाता और अन्नामलाई विश्वविद्यालय में हुई। हिन्दी साहित्य सम्मेलन से इन्होंने डी.लिट की उपाधि प्राप्त की। बारह वर्ष की उम्र से ही इन्होंने कविता लिखना आरम्भ कर दिया था। 'औरतनामा' नामक कृति पर उ0प्र0 सरकार ने 'प्रेमचन्द सम्मान' (1981), मैसूर हिन्दी परिषद् ने 'हिन्दी सेवा सम्मान' (1994) एवं 2001 उ0प्र0 सरकार साहित्य से अलंकृत हुए। इनका निधन कोलकाता में 10 मार्च 2018 को बिड़ला हॉस्पिटल में हुआ। काव्य संग्रह– इक्कीस सुबह और (1969), आवाज़ों के कटघरे में (1974), तपिस मिटती नहीं (1976), मन चाहता है अपनापन (1981), दूसरा वामाचार (1983), भरे हाट के बीच (1987), सागर प्रिया (1988), कलकत्ता ओ कलकत्ता (1990), त्रासदी के द्वार पर (1991), सीढ़ियाँ चढ़ता सूर्य (1993), असमय की जर्जर नाव में (2001), अन्ततः (2002), मुंगेरी लाल का प्रजातंत्र (किसान महाकाव्य 2007), गिरती पत्तियों की मौन प्रतिध्वनि (2010), भागता हुआ समय (2011) आदि।

•सुनीता जैन– कवयित्री सुनीता जैन जन्म 13 जुलाई 1941 को अम्बाला (हरियाणा) में हुआ था। इनकी शिक्षा स्टेट यूनिवर्सिटी न्यूयार्क में हुई। ये आई.आई.टी. दिल्ली में प्राध्यापक थीं। ये पदम्श्री, व्यास सम्मान, साहित्यभूषण, महादेवी वर्मा, हरियाणा गौरव, विश्व हिन्दी सम्मान इत्यादि सम्मान से नवाज़ी गयी हैं। इनकी मृत्यु 11 दिसम्बर 2017 को हुई है। काव्य संग्रह – हो जाने दो मुक्त (1978), कौन–सा आसमान (1979), एक और दिन (1983), कितना जल (1986), रंग रति (1986), सूत्रधार सोते हैं (1995), कातर बेला (1995), सच कहती हूँ (1995), कहाँ मिलेगी कविता (1995), सुनो मधु किश्वर (1995), युग होते हैं और नहीं (1995), धूप हठीले मन की (1995), इस अकेले तार पर (1995), पौ फटने का पहला पक्षी (1996), मूंक करोति वाचालं (1996), सीधी कलम सधे न (1996), लेकिन अब (1996), जी करता है (1996), जाने लड़की पगली (1996), बोले तुम ही (1997), इतना भर समय (1998), हथकड़ी में चाँद (1998), गंगा तट देखा (1998), सुनो कहानी (2003), तरू–तरू डाल पे (2003), दसरे दिन (2003), जो मैं जानती (2003), चौखट पर व उठो माधवी (2006), प्रेम में स्त्री (2006), बारिश में दिल्ली (2007), इस बार (2007), खाली घर में (2007), लाल रिबन का फुलवा (2007), किस्सा तोता मैना (2007), गंधर्व पर्व (2008), क्षमा (2008), फैंटेंसी (2008), कुरबक (2008), लूओं के बेहाल दिन (2008), ओक भर जल (2009) हेरवा (2010), रसोई की खिड़की में (2010) आदि।

•सुरेन्द्र वर्मा – सुरेन्द्र वर्मा का जन्म 7 सितम्बर 1941 को झांसी में हुआ। भाषा विज्ञान में एम.ए. करने के बाद अपने को लेखन–कार्य से जोड़ा। प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय इतिहास और संस्कृति में इनकी गहरी रूचि है। केन्द्रीय नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी (मुझे चाँद चाहिए 1996), व्यास सम्मान (काटना शमी का वृक्ष : पद्य पंखुरी की धार से' उपन्यास, 2016) एवं भारतीय भाषा परिषद् द्वारा सम्मानित हैं। काव्य संग्रह – आइनों में चेहरे (ग़ज़ल 1983), आज के दशरथ (ग़ज़ल 1987), आइने बोलते हैं (ग़ज़ल 1999) आदि।

